राजस्थान सरकार

# आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर ।

क्रमॉकः—एफ—8( सांस्कृति प्रोग्राम / युवा )अकाद / आकाशि / 2018 / पार्ट / 117 दिनांक :—14जुलाई 2020

1—समस्त प्राचार्यगण,
राजकीय महाविद्यालय,
राजस्थान ।

2—क्षेत्रीय सहायक निदेशक,
कॉलेज शिक्षा, राजस्थान ।

विषयः—**दिनांक 15 जुलाई 2020 को विश्व युवा कौशल दिवस के रूप में मनाने के सम्बन्ध में।**
संदर्भः—शासन सचिव, श्रम, कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता का अर्द्धशासकीय पत्रांक आरएसएलडीसी / स्किल्स / वि0यु0कौ0दि0 / 2020—21 / 18343 दिनांक 13.07. 2020 ।

**महोदय,**

उपर्युक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र की छाया प्रति संलग्न कर निवेदन है कि विश्व में एक बेहतर सामाजिक—आर्थिक स्थिति स्थापित करने हेतु एवं आज के युवाओं को बेरोजगारी एवं अल्परोजगार की समस्या से निजात दिलाने हेतु संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 15 जुलाई को विश्व युवा कौशल दिवस के रूप में मनाये जाने हेतु चिन्हित किया है । विश्व युवा कौशल दिवस आयोजित करने के क्रम में कौशल नियोजन एवं उद्यमिता विभाग प्रत्येक वर्ष 15 जुलाई को राज्यस्तरीय कार्यक्रम एवं जिला स्तरीय जागरूकता रैली एवं प्रभात फेरी इत्यादि का आयोजन करता है, जिसगें प्रशिक्षणरत युवाओं, प्रशिक्षण प्रदाताओं, रोजगार प्रदाताओं, उद्योग एवं व्यापारिक संगठन तथा जिला प्रशासन सक्रिय रूप से भाग लेते हैं ।

अतः शासन सचिव, श्रम, कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता द्वारा दिये गये संदर्भित पत्र के निर्देशानुसार आप डायस प्लान एवं मिनट टू मिनट कार्यक्रम के अनुसार दिनांक 15 जुलाई 2020 को दोपहर 12 बजे सभी 33 जिला मुख्यालयों पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में आवश्यक रूप से भाग लेना सुनिश्चित करें, इस कार्यक्रम में सोशल डिस्टेंसिंग एवं कोरोना से बचाव की सभी गाईडलाईनों की पालना की जावे ।

(संदेश नायक)
निदेशक
कॉलेज शिक्षा, राज0,जयपुर।

क्रमॉकः—एफ—8( सांस्कृति प्रोग्राम / युवा )अकाद / आकाशि / 2018 / पार्ट / 117 दिनांक :—14 जुलाई 2020

प्रतिलिपि — निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :—

1— शासन सचिव, श्रम, कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता का अर्द्धशासकीय पत्रांक आरएसएलडीसी / स्किल्स / वि0यु0कौ0दि0 / 2020—21 / 18343 दिनांक 13.07. 2020 के क्रम में।

2— वेब प्रभारी, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर को अपलोड करने हेतु प्रेषित है।

14.7.2020

(डॉ0 दीपक मेहरा)
संयुक्त निदेशक (अकादमिक)
कॉलेज शिक्षा, राज0,जयपुर।

J.D.Acad.
14/7

F.D. No. 249 /PS/COL/E.
Dated 14/7/20

**डॉ. नीरज कुमार पवन**
आई.ए.एस.

URGENT
Dy. अभि...
14/7

सत्यमेव जयते

**शासन सचिव**
श्रम, कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता
कारखाना एवं बॉयलर्स निरीक्षण, कर्मचारी राज्य बीमा
अध्यक्ष, राजस्थान कौशल एवं आजीविका विकास निगम
राजस्थान सरकार

अर्द्ध शा. पत्र कमांकः आरएसएलडीसी/स्किल्स/वि.यु.कौ.दि./2020–21/18343
दिनांकः– 13-07-2020

प्रिय संदेश

विश्व में एक बेहतर सामाजिक–आर्थिक स्थिति स्थापित करने हेतु एवं आज के युवाओं को बेरोजगारी एवं अल्परोजगार की समस्या से निजात दिलाने हेतु संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 15 जुलाई को विश्व युवा कौशल दिवस के रूप में मनाये जाने हेतु चिन्हित किया है। कौशल विकास युवाओं को रोजगारोन्मुखी बनाने का मुख्य स्त्रोत है। विश्व युवा कौशल दिवस आयोजित करने के कम में कौशल नियोजन एवं उद्यमिता विभाग प्रत्येक वर्ष 15 जुलाई को राज्य स्तरीय कार्यक्रम एवं जिला स्तरीय जागरूकता रैली एवं प्रभात फेरी इत्यादि का आयोजन करता है, जिसमें प्रशिक्षणरत युवाओं, प्रशिक्षण प्रदाताओं, रोजगार प्रदाताओं, उद्योग एवं व्यापारिक संगठन तथा जिला प्रशासन सक्रिय रूप से भाग लेते हैं।

इस वर्ष भी विभाग द्वारा माननीय मुख्यमंत्री महोदय के आतिथ्य में विश्व युवा कौशल दिवस –2020, आयोजित किया जा रहा है। कोरोना महामारी के कारण इस वर्ष वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रमुख कार्यकम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी कम में रोजगार विभाग द्वारा वर्चुअल रोजगार मेलों के आयोजन का भी आरंभ किया जाएगा।

इस आयोजन का मुख्य उददेश्य युवाओं में कौशल प्रशिक्षण की महत्ता एवं कौशल अर्जित कर बेहतर रोजगार प्राप्त करने हेतु प्रोत्साहित करना है जिसके कम में सफलतापूर्वक रोजगार एवं स्वरोजगार प्राप्त कर चुके प्रक्षिणार्थियों को सम्मानित भी किया जाएगा। इसी अवसर पर राज्य की आई.टी.आई. द्वारा प्रशिक्षित युवाओं में से बेहतर प्रदर्शन करने वाले युवाओं को ब्राण्ड एम्बैसेडर से सम्मानित किया जाएगा। इस वर्ष कार्यक्रम का उददेश्य कोरोना महामारी के कारण प्रदेश लौटे प्रवासी श्रमिकों हेतु कौशल नियोजन एवं उद्यमिता विभाग एवं श्रम विभाग द्वारा किये जा रहे प्रयासों को उन लोगों तक पहुंचाकर उन्हे लांभावित करना है। इस अवसर पर राज्यस्तरीय कार्यक्रम के साथ–साथ सभी 33 जिला मुख्यालयों पर सोशल डिस्टेंसिंग एवं कोरोना से बचाव की सभी गाइडलाइनों की पालना करते हुए युवा, प्रशिक्षण प्रदाता एवं अन्य कौशल प्रशिक्षण से जुड़े सहभागी तथा उद्योग प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधी भाग ले रहे हैं।

आपको इस पत्र के माध्यम से आमंत्रित करते हुए आग्रह है कि संलग्न डायस प्लान एवं मिनट टू मिनट कार्यकम के अनुसार दिनांक 15 जुलाई 2020 को दोपहर 12 बजे कार्यकम में भाग लेवें व सहायक निदेशक, कॉलेज शिक्षा एवं प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय को सम्बन्धित जिलों में भाग लेने हेतु निर्देशित करें।

*संलग्न :– डायस प्लान एवं मिनट टू मिनट कार्यकम*

सस्नेह

(डॉ. नीरज कुमार पवन)

श्री संदेश नायक,
निदेशक, कॉलेज एजुकेशन,
जयपुर।

सत्यमेव जयते

राजस्थान सरकार

YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA



अशोक गहलोत

माननीय मुख्यमंत्री, राजस्थान

# WYSD

## WORLD YOUTH SKILLS DAY

## विश्व युवा कौशल दिवस-2020

**पर कौशल, रोजगार एवं प्रेरणा को समर्पित**

**एक दिवसीय डिजिटल कार्यक्रम**

# सक्षम yuva

**YOUTH UP-SKILL VIRTUAL ACCOMPLISHMENT**

**15 जुलाई, 2020, दोपहर 12 बजे से**

मुख्य अतिथि :

**श्री अशोक गहलोत**, माननीय मुख्यमंत्री, राजस्थान

अध्यक्षता :

**श्री अशोक चांदना**, माननीय राज्य मंत्री,
कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग, राजस्थान सरकार

विशिष्ट अतिथि :

**श्री टीकाराम जूली**, माननीय राज्य मंत्री, श्रम विभाग, राजस्थान सरकार
**श्री भंवर सिंह भाटी**, माननीय राज्य मंत्री, उच्च शिक्षा, राजस्थान सरकार

# विश्व युवा कौशल दिवस 2020

## दिनांक 15 जुलाई 2020
## के आयोजन का मिनट टू मिनट कार्यक्रम

| समय | कार्यक्रम विवरण |
|---|---|
| 12:00 Noon - 12:02 PM | वीडियो कॉफ्रेसिंग के माध्यम से सभी महानुभावों का स्वागत एवं परिचय |
| 12.02 PM – 12.10 PM | शासन सचिव, श्रम, कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग, श्री नीरज के पवन द्वारा वर्तमान सरकार के कार्यकाल में विभाग द्वारा किये गये कार्य, उपलब्धि एवं योजनाओं का विवरण एवं स्वागत भाषण तथा वर्चुअल जॉब फेयर के विषय में प्रस्तुतिकरण। |
| 12:10-12:15 PM | माननीय राज्यमंत्री कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग, युवा मामलात, खेल विभाग स्वतंत्र प्रभार, परिवहन, सैनिक कल्याण, राजस्थान सरकार श्री अशोक चांदना का संबोधन। |
| 12:15-12:20 PM | माननीय राज्यमंत्री, श्रम विभाग, श्री टीकाराम जूली का संबोधन। |
| 12:20-12:25 PM | माननीय राज्यमंत्री, उच्च शिक्षा विभाग, श्री भंवर सिंह भाटी का संबोधन। |
| 12:25-12:27 PM | माननीय मुख्यमंत्री महोदय श्री अशोक गहलोत के कर कमलों से विभाग द्वारा तैयार किये गये विजन डॉक्युमेंट का विभाग की वेबसाईट पर विमोचन। |
| 12:27-12:40 PM | माननीय मुख्यमंत्री महोदय का संबोधन। |
| 12:40-12.42 PM | माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा स्किल एम्बैसेडर श्री रमेश का मुख्यमंत्री आवास पर सम्मान एवं माननीय मुख्यमंत्री महोदय से संवाद। |
| 12:42-12:52 PM | माननीय मुख्यमंत्री महोदय की मुख्यमंत्री आवास से कार्यक्रम उपस्थिति में माननीय विद्यायकगण, जिला प्रमुख, संभागीय आयुक्त एवं जिला कलेक्टर महोदयों द्वारा सम्बन्धित जिलों में राजस्थान कौशल एवं आजीविका विकास निगम के माध्यम से प्रशिक्षित स्किल आइकन एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों द्वारा चयनित ब्रांड एम्बैसेडर का सम्मान। |
| 12.52-12.57 PM | सम्मानित प्रशिक्षणार्थियों में से निम्नलिखित प्रशिक्षणार्थियों का माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा वी.सी. के माध्यम से संवाद<br>1. श्रीमती खुशबू कुमारी, जोधपुर – ब्रैण्ड एम्बैसेडर<br>2. श्री शंकर लाल, सीकर – ब्रैण्ड एम्बैसेडर<br>3. श्री साजिद हुसैन, झालावाड़ – स्किल आईकन<br>4. सुश्री नीतू, जयपुर – स्किल आईकन<br>5. श्री मेवा राम गुर्जर, उदयपुर – स्किल आईकन |
| 12:57-12:59 PM | धन्यवाद ज्ञापन |